राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www. rsmsssb.rajasthan.gov.in *दूरभाष नं. 0141–2722520*

दिनांक 20.06.2023

फायरमैन भर्ती परीक्षा–2021
संशोधित परीक्षा परिणाम

स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान के लिये राजस्थान नगरपालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा नियम–1963 यथा संशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत **फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा–2021** के **गैर अनुसूचित क्षेत्र के 581 एवं अनुसूचित क्षेत्र के लिये 19 कुल 600** पदों के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु **दिनांक 02.03.2023** जारी कर सूचीबद्ध किया गया था।

इसी क्रम में उक्त परीक्षा की शारीरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के दौरान बांसवाड़ा जिले में दिनांक 19.12.2022 को अभ्यर्थी श्री रोहित यादव रोल न0 163800 अनुपस्थित रहा था तथा अभ्यर्थी श्री दीपांकर कटारा रोल न0 164683 इस परीक्षा में उपस्थित रहा था। जो कि पूर्व में सहवन से अनुपस्थित अभ्यर्थी श्री रोहित यादव के नाम के सम्मुख अंकित हो गए थे।

उक्त तकनीकि त्रुटि में सुधार करते हुए अब श्री रोहित यादव रोल न0 163800 का दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 02.03.2023 को जारी परिणाम निरस्त कर उनके स्थान पर श्री दीपांकर कटारा रोल न0 164683 को दस्तावेज सत्यापन की सूची में शामिल किया गया है। उक्त अभ्यर्थी को पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु पृथक से सूचित किया जाएगा। अभ्यर्थी की पात्रता की जाँच एवं दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से सत्यापन करने के पश्चात् वरीयता के आधार पर श्रेणीवार विज्ञापित पदों के अनुसार अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। इसके पश्चात् चयनित अभ्यर्थी का नाम नियुक्ति हेतु बोर्ड द्वारा **स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान** को नियमानुसार अभिस्तावित किया जाएगा।

नोटः-

1. **पूर्व में दिनांक 02.03.2023 को जारी परीक्षा परिणाम को उक्त परिवर्तन के अलावा यथावत रखा गया है।**
2. **नवीन व अद्यतन जानकरी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।**

संजय कुमार माथुर
(सचिव)